## सम्मानित होंगी अदिति राव हैदरी

**बॉलीवुड** की जानीमानी अभिनेत्री अदिति राव हैदरी को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2025 में डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा. अदिती राव आईएफएफएम 2025 में शिरकत करने जा रही हैं. ऑनलाइन फ़िल्म स्ट्रीमिंग सेवाएं

अदिति एक ऐसी कलाकार हैं जिन्होंने हर मंच और मीडियम पर अपनी अदाकारी से पहचान बनाई है, चाहे वह मेनस्ट्रीम हो या इंडिपेंडेंट सिनेमा, ओटीटी हो या थियेटर, और हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु जैसी भाषाओं में भी उन्होंने कई दमदार भूमिकाएं निभाई हैं. उनके इसी बहुआयामी योगदान को सराहते हुए, उन्हें 'डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा.



अदिति राव हैदरी ने इस अवसर पर कहा, मेलबर्न के इस खास फिल्म फेस्टिवल में गेस्ट ऑफ ऑनर बनना और 'डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड' पाना मेरे लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है. मेलबर्न हमेशा से ही बहुत प्यार और अपनापन देने वाला शहर रहा है. यहां आकर सिनेमा के इतने जुनूनी दर्शकों के बीच खुद को सम्मानित होते देखना बेहद खास अनुभव है. मैं बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूं उन सभी कलाकारों और सिनेप्रेमियों से मिलने का और इस फेस्टिवल की उर्जा को महसूस करने का.


फेस्टिवल की डायरेक्टर मीतू भौमिक लैंगे ने कहा,,अदिति राव हैदरी, शालीनता और कला की सच्ची मिसाल हैं. उनका हर किरदार उनकी बहुमुखी प्रतिभा और गहराई को दर्शाता है. हम बेहद खुश हैं कि वह आईएफएफएम 025 का हिस्सा बन रही हैं और हम उन्हें 'डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड' सम्मानित करेंगे. उनकी मौजूदगी इस साल के आयोजन को और भी यादगार बना

# टीआईएफएफ में होगा शोले का विशेष प्रीमियर

**रमेश** सिप्पी के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले का विशेष प्रीमियर 06 सितंबर को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ) में किया जाएगा.

भारतीय सिनेमा के इतिहास की ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुयी थी. फिल्म शोले, अगले हफ्ते अपनी रिलीज के 50 साल पूरे कर रही है. फिल्म शोले की 50वीं वर्षगांठ पर फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने इस फिल्म को 4के वर्जन में टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिबल में री-रिलीज करने का फैसला किया है.

फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने सोशल मीडिया पर शोले के 4के रिस्टोर्ड वर्जन के उत्तरी अमेरिकी प्रीमियर की घोषणा की.फिल्म का




एक पोस्टर साझा करते हुए संस्था ने लिखा, %रमेश सिप्पी के निर्देशन में बनी महान फिल्म %शोले% टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सवके उत्तरी अमेरिकी प्रीमियर के साथ 50 साल पूरे होने का जश्न मना रही है. यह स्पेशल स्क्रीनिंग 06 सितंबर, 2025 को 1,800 सीटों वाले रॉय थॉमसन हॉल में एक भव्य कार्यक्रम में होगी.

इस अवसर पर अमिताभ बच्चन ने कहा, ज़िंदगी में कुछ चीजें हमेशा के लिए ज़ेहन में बस जाती हैं. शोले ऐसी ही एक फ़िल्म है. इस फ़िल्म की शूटिंग एक अविस्मरणीय अनुभव था, लेकिन उस समय मुझे अंदाज़ा भी नहीं था कि यह भारतीय सिनेमा के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी. एक असफल फ़िल्म घोषित होने से लेकर बॉक्स ऑफ़िस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई तक, इसकी किस्मत में आया.

हम सभी के लिए यह एक भावनात्मक उतार-चढ़ाव भरा अनुभव था. यह अद्भुत है कि फ़िल्म हेरिटेज फ़ाउंडेशन ने 'शोले' को रिस्टोर्ड किया है और वे मूल अंत के साथ-साथ कुछ हटाए गए दृश्यों को भी ढूँढ़कर उन्हें इसमें शामिल करने में कामयाब रहे हैं. मुझे उम्मीद है कि 50 साल बाद भी, यह फ़िल्म दुनिया भर के नए दर्शकों की कल्पनाओं को अपनी ओर खींचेगी.

जी.पी. सिप्पी निर्मित और रमेश सिप्पी निर्देशित फिल्म शोले मुंबई के मिनर्वा थियेटर में पांच सालों तक चली थी. फिल्म शोले ने भारतीय सिनेमा को एक नई दिशा दी. फिल्म के गानों से लेकर इसके डायलॉग तक आज भी लोगों की जुबां पर रहते हैं.

फिल्म शोले ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे.इस फिल्म में संजीव कुमार, धर्मेन्द्र, अमिताभ बच्चन,हेमा मालिनी, जया भादुड़ी और अमजद खान ने अहम भूमिका निभायी थी.

## नवंबर 2025 में आएगा राजामौली का बड़ा सरप्राइज

**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार एस. एस. राजामौली ने बताया है कि उनकी फिल्म का खुलासा नवंबर 2025 में होगा.

एस. एस. राजामौली वाकई भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े निर्देशकों में से एक हैं. अपने शानदार विज़न के साथ उन्होंने 'बाहुबली' फ्रैंचाइज़ और 'आरआरआर' जैसी अब तक की सबसे बड़ी और लाजवाब ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं. बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने से लेकर पैन-इंडिया फिल्मों का ट्रेंड तय करने तक, वे भारतीय सिनेमा की दिशा बदलने वाले शख्स हैं. जहां दर्शक हमेशा यह जानने को उत्सुक रहते हैं कि उनकी की अगली फिल्म क्या होगी, वहीं अब उन्होंने सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर एक हिंट दे दिया है.उन्होंने मेगा अनाउंसमेंट करते हुए बताया कि इस फिल्म से जुड़ा बड़ा खुलासा नवंबर 2025 में होगा.



हाल ही में एस. एस. राजामौली ने सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अपनी चर्चित आने वाली फिल्म को लेकर एक मेगा अनाउंसमेंट कर सबको चौंका दिया. इस फिल्म के भव्य पैमाने 'ग्लोबट्रॉटर' का जिक्र करते हुए उन्होंने नवंबर 2025 में एक ऐसा खुलासा करने की बात कही. उन्होंने द्यद्य अपने सोशल मीडिया पर एक असरदार तस्वीर शेयर की, जिसमें एक व्यक्ति के सीने पर एक लटकता हुआ लॉकेट नजर आ रहा था.

इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा द फर्स्ट रिवील इन नवंबर 2025...स्न्लोब ट्रॉटर

इसके अलावा, उन्होंने एक नोट भी शेयर किया, जिसमें लिखा था,प्रिय भारत और दुनिया भर के सिनेमा प्रेमियों, साथ ही महेश के फैंस,काफी समय हो गया है जब से हमने शूटिंग शुरू की है, और हम आपके इस फिल्म को लेकर उत्साह की सराहना करते हैं. लेकिन इस फिल्म की कहानी और दायरा इतना बड़ा है कि मुझे लगता है, सिर्फ तस्वीरें या प्रेस कॉन्फ्रेंस इसके साथ न्याय नहीं कर सकते.हम इस समय कुछ ऐसा तैयार कर रहे हैं, जो हम जिस दुनिया को बना रहे हैं, उसकी असलियत, गहराई और अनुभव को दर्शा सके.

## बोल्ड सीन को लेकर तमन्ना ने बताई खास बातें

**साउथ** और बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय से सभी के दिलों में खास जगह बना चुकीं तमन्ना भाटिया ने पहले अपनी किसी भी फिल्म में लिप-लॉक सीन नहीं करती थीं. लेकिन फिल्म लस्ट स्टोरीज में उन्होंने इस नियम को तोड़ा और कई बोल्ड सीन देकर चर्चा में आईं. हाल ही में फिल्मों में अपने इंटिमेट सीन को लेकर तमन्ना ने खुलकर बातचीत की.



तमन्ना ने बताया कि पहले वह फिल्मों में बोल्ड और इंटिमेट सीन करने से बचती थीं, क्योंकि उन्हें लगता था कि इससे वह खुद को सीमित कर रही थीं. उन्होंने कहा कि बोल्ड सीन पूरी तरह से बनावटी होते हैं और हर सीन को बहुत सावधानी से कोरियोग्राफ किया जाता है.

सेट पर एक इंटिमेसी कोच मौजूद रहता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सब कुछ ठीक हो.

## मेघा ने रक्षाबंधन स्पेशल में शामिल होने पर जताई खुशी

**अभिनेत्री** मेघा चक्रवर्ती ने स्टार प्लस के रक्षाबंधन स्पेशल शो में शामिल होने पर खुशी जतायी है.

इस बार स्टार प्लस ने रक्षाबंधन को अपने खास अंदाज़ में मनाया 'स्टार परिवार बहन का ड्रामा, भाई का स्वैग' के साथ. इस मजेदार और रंग-बिरंगे सेलिब्रेशन में ड्रामा, डांस और दोस्ती का पूरा तड़का देखने को मिला. इस खास मौके पर स्टार परिवार के सदस्य एक साथ जुटे और शुरू हुई झनक के लिए 'परफेक्ट भाई' की तलाश.

नए शो 'इशानी' में लीड रोल निभा रहीं मेघा चक्रवर्ती ने इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अपना अनुभव साझा किया. उन्होंने कहा, मुझे स्टार परिवार से मिलवाया गया और सभी ने बहुत अच्छे से स्वागत किया. रक्षाबंधन के इस इवेंट में हम सब मिलकर झनक के लिए अच्छा भाई ढूंढ रहे थे. क्योंकि मैं झनक की मौसी हूं, तो मेरा भी यही



मकसद था. सभी अपने भाई-बहन की कहानियां शेयर कर रहे थे, जो बहुत प्यारा लगा.

मेघा ने कहा, सबसे मिलना बहुत अच्छा लगा. मैंने परफॉर्म नहीं किया, लेकिन सभी से बातचीत करके दिल खुश हो गया. अब मैं स्टार परिवार का हिस्सा बन गई हूं और मुझे बहुत खुशी है. उम्मीद है अगली बार फिर सब मिलेंगे और नई कहानियां लेकर आएंगे.

## रक्षाबंधन पर स्वरा भास्कर ने सुनाया मजेदार किस्सा

**स्वरा** भास्कर इन दिनों रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' में अपने बेबाक अंदाज से दर्शकों का दिल जीत रही हैं. शो में वह अपने रिश्तों और जिंदगी के जुड़े कुछ पहलुओं को भी सामने ला रही हैं. ऐसे में रक्षाबंधन के मौके पर अपने भाई ईशान के साथ प्यारा रिश्ता याद आना लाजमी था. मैं और मेरा भाई ईशान तब शायद 13-14 साल के रहे होंगे.



रक्षाबंधन का दिन था, मैंने प्यार से उसे राखी बांधी और बदले में उसने बहुत प्राउड से मेरी तरफ वही बीस रुपए बढ़ा दिए. वह पैसे उसने कुछ दिन पहले मुझसे उधार लिए थे. उस वक्त मैं कुछ पल के लिए ठिठकी...थोड़ा गुस्सा, थोड़ा हंसने जैसा मन हुआ. लगा ये कैसा तोहफा है? लेकिन अब जब उस पल को याद करती हूं, तो चेहरे पर मुस्कान आ जाती है. वो 20 रुपए तब भले ही मामूली लगे हों, लेकिन अब लगता है उसमें भाई की मासूम समझ और एक छोटा-सा अहसास भी छिपा था, जिम्मेदारी निभाने का. बचपन के त्योहार ऐसे ही होते हैं...सादे, प्यारे और हमेशा याद रहने वाले.

## इत्ती सी खुशी : दिल को छू लेने वाली कहानी

**सोनी** सब मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित एक पारिवारिक ड्रामा, इत्ती सी खुशी शुरू करने के लिए तैयार है . यह शो 21 वर्षीय अन्विता की कहानी है, जो छह भाई-बहनों में सबसे बड़ी है और अपने टूटते घर की अप्रत्याशित रूप से सहारा बन जाती है.

शराब की लत से जूझ रहे पिता और उन्हें छोड़ देने वाली मां के साथ, अन्विता अपने परिवार को एक साथ रखने वाली गोंद बन जाती है, वह अपने परिवार के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए अपनी शिक्षा का त्याग करती है और अपनी आकांक्षाओं को दरकिनार कर देती है.इसके बाद रोज़मर्रा की ज़िंदगी, खामोश कुर्बानियों और प्यार व लचीलेपन की खामोश जीत का एक मज़ेदार, कोमल मगर बेबाक चित्रण है. वरुण बडोला छह सालों में पहली बार टेलीविजन पर वापसी कर रहे हैं, जिसमें वे एक बेबस परिवार के मुखिया सुहास की भूमिका निभा



रहे हैं, उनके साथ सुम्बुल तौकीर (जो उनकी बेटी अन्विता का किरदार निभा रही हैं) और रजत वर्मा (जो उनके प्रेमी विराट का किरदार निभा रहे हैं) भी हैं.

इस शो में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक राजेश मापुस्कर सहित एक प्रतिष्ठित क्रू भी शामिल है, जिन्हें शो में एक रचनात्मक शक्ति के रूप में शामिल किया गया है. रोज़ ऑडियो विजुअल्स द्वारा निर्मित इत्ती सी खुशी प्रशंसित सीरीज़ शेमलेस का भारतीय रूपांतरण है. रोज़ ऑडियो विजुअल्स के निर्माता और संस्थापक गोल्डी बहल ने कहा, इत्ती सी खुशी उन दुर्लभ कहानियों में से एक है जो किसी भव्य इशारे या व्यापक कथाओं के बारे में नहीं है; यह एक युवा लड़की अन्विता की शांत, रोजमर्रा की बहादुरी के बारे में है, जो अपने परिवार को एक साथ रखती है, तब भी जब बाकी सब कुछ बिखर रहा होता है, जीवन की इतनी सी खुशी की तलाश में.





## बिहार के कॉलेजों में प्रोफेसरों की जरूरत

**बिहार** लोक सेवा आयोग ने इंजीनियरिंग व पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रोफेसरों की खाली पदों को भरने के लिए 590 पदों पर भर्ती निकाली दी है. अगर आप इस वैकेंसी के लिए खुद को योग्य समझती हैं तो अप्लाई कर सकते हैं. इस वकैंसी के जरिए एसोसिएट प्रोफेसर के पदों पर 539 पद और प्राचार्य के 25 व पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्राचार्य के 26 पदों पर भर्तियां होंगी. आवेदन की प्रक्रिया 18 अगस्त से शुरू होगी, और इसकी लास्ट डेट 12 सितंबर को तय की गई है.

जो उम्मीदवार इस वैकेंसी के लिए अप्लाई करना चाहते हैं वे आवेदन करने से पहले नोटिफिकेशन चेक कर लें, नोटिस का लिंक आगे दिया गया है.

**इन विभाग की जाएंगी भर्ती होगी**

- सिविल इंजिनियरिंग
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग ,
- इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग
- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग,
- इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग

**भर्ती की आयु सीमा**- एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए न्यूतम आयु सीमा 30 साल है लेकिन अधिकतम आयु सीमा नहीं है.

रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष.

प्रिंसिपल पद के लिए न्यूतम आयु सीमा- 37 वर्ष.

अधिकतम आयु सीमा नहीं है.

रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष.

**एप्लीकेशन फीस**- जनरल कैटगरी के लिए उम्मीदवारों की आयु सीमा 100 (एक सौ) रूपये है. वहीं केवल बिहार राज्य के अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए 25 रूपये देने होंगे. बिहार के स्थायी निवासी सभी (आरक्षित / अनारक्षित वर्ग) महिला उम्मीदवारों के लिए- 25 रु, दिव्यांग अभ्यर्थियों (40त्न या उससे अधिक) के लिए भी 25 रु, अन्य सभी उम्मीदवारों के लिए 100 रु तय किए गए हैं.

# राजस्थान लोक सेवा आयोग ने बंपर वैकेंसी

**राजस्थान** लोक सेवा आयोग ने बंपर वैकेंसी निकाली है, राजस्थान पुलिस विभाग में सब-इंस्पेक्टर (SI)/प्लाटून कमांडर के लिए वैकेंसी निकाली है, अगर आप इस सरकारी नौकरी के लिए खुद को योग्य समझते हैं तो अप्लाई कर सकते हैं. आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, और आवेदन करने की लास्ट डेट 8 सितंबर 2025 रात 12 बजे है. आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in या sso.rajasthan.gov.in पर जाकर अप्लाई करना होगा. इस वैकेंसी की सबसे अच्छी बात ये भी है ग्रेजुएट इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं.

**शैक्षणिक योग्यता**- म्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से किसी भी विषय में ग्रैजुएशन की डिग्री होनी चाहिए. देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी में कार्य करने का नॉलेज और राजस्थान की संस्कृति के बारे में आना चाहिए. उम्मीदवारों को सलाह दी



जाती है कि वे आवेदन करने से पहले ऑफिशियल नोटिफिकेशन को पढ़ लें.

उम्मीदवारों की आयु सीमा कम से कम 20 वर्ष और अधिकतम 25 वर्ष.

उम्मीदवारों की आयु की गणना 1 जनवरी 2026 को आधार बनाकर की जाएगी.

अधिकतम आयु सीमा में सभी वर्गों को तीन साल की छूट दी गई है.

इसके अलावा राज्य सरकार के नियमों के मुताबिक अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी.

**इतनी मिलेगी सैलरी**- पे मैट्रिक्स लेवल 11 (ग्रेड पे- 4200 रुपये)

**एप्लीकेशन फीस** - जनरल कैटरी वालों और कीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग / अति पिछड़ा वर्ग के आवेदक को 600 रुपये फीस देनी होगी. राजस्थान के नॉन कीमलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग / अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदक 400 रुपये देने होंगे. वहीं सभी दिव्यांगों के लिए 400 रु

**इन पदों निकली इतनी वैकेंसी**

- सब इंस्पेक्टर (एपी) - 896 पद
- सब इंस्पेक्टर (एपी) संहरिया - 4 पद
- सब इंस्पेक्टर (एपी) अनुसूचित क्षेत्र - 25 पद
- सब इंस्पेक्टर (आईबी) - 26 पद
- प्लाटून कमांडर (आरएसी)- 64 पद

## इंडियन ऑयल में 475 पदों पर निकली भर्ती

**अगर** आप सरकारी नौकरी की तलाश में हैं और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में करियर बनाना चाहते हैं, तो आपके लिए शानदार मौका है. त ट्रेड अप्रेंटिस, टेक्नीशियन अप्रेंटिस और ग्रेजुएट अप्रेंटिस के कुल 475 रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है.

**शैक्षिक योग्यता**- आवेदकों ने निम्न में से कोई एक योग्यता पूरी की होनी चाहिए- 10+2 (इंटरमीडिएट),

आईटीआई / ह्रष्टङ्कञ्ज प्रमाणपत्र

तीन वर्षीय डिप्लोमा (पॉलिटेक्निक) किसी मान्यता प्राप्त ब्रांच से

आर्ट्स / साइंस / कॉमर्स में स्नातक डिग्री

**आयु सीमा**- न्यूनतम आयु- 18 वर्ष

अधिकतम आयु- 24 वर्ष

आयु की गणना- 31 अगस्त 2025 के अनुसार



आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार निम्न पोर्टलों के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं-

**ट्रेड अप्रेंटिस के लिए**- टेक्नीशियन/डिप्लोमा/ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए- कोई आवेदन शुल्क नहीं है. सभी उम्मीदवार निशुल्क आवेदन कर सकते हैं.

**चयन प्रक्रिया**- इस भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की परीक्षा या इंटरव्यू नहीं होगा. चयन शुद्ध रूप से अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर किया जाएगा. इसलिए योग्य अभ्यर्थी जल्द से जल्द आवेदन करें और अंतिम तिथि का इंतजार न करें.

**जरूरी दस्तावेज**- ऑनलाइन आवेदन करते समय निम्न दस्तावेजों की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी- 10वीं / मैट्रिक की मार्कशीट और प्रमाणपत्र, III/ डिप्लोमा/ ग्रेजुएट डिग्री की मार्कशीट और प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), जाति वैधता प्रमाण पत्र (केवल महाराष्ट्र के लिए), PwBD प्रमाण पत्र (यदि लागू हो),नवीनतम EWS प्रमाण पत्र (यदि लागू हो). पैन कार्ड / आधार कार्ड.



## एग्रीकल्चर में ग्रेजुएशन के बाद जॉब्स के विकल्प

**अगर** आप भी एग्रीकल्चर (कृषि) में ग्रेजुएशन कर रहे हैं तो आपके मन में यह सवाल जरूर होगा कि इसके बाद जॉब्स के क्या ऑप्शन हैं. आज के समय में खेती-बाड़ी और किसानी से जुड़ी नई टेक्नोलॉजी, सरकारी योजनाएं और प्राइवेट सेक्टर की मांग बढ़ रही है, इसलिए एग्रीकल्चर में पढ़ाई के बाद करियर के बहुत सारे विकल्प खुले हुए हैं.

**सरकारी जॉब्स** - एग्रीकल्चर ग्रेजुएट्स के लिए सरकारी सेक्टर में नौकरी पाने के कई सुनहरे अवसर हैं. सरकार की ओर से कृषि विभाग, एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर, राज्य कृषि विभाग, फसल बोर्ड, खाद और उर्वरक विभाग और कृषि उत्पादन विभाग जैसे अलग-अलग संस्थानों में वैकेंसी निकलती रहती है. इन जॉब्स में करियर सिक्योर होता है, सैलरी और अलाउंस बेहतर होते हैं, इसलिए अगर आप एक परमानेंट नौकरी चाहते हैं तो गवर्नमेंट सेक्टर आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प है.

कौन-कौन से पोस्ट हैं- कृषि वैज्ञानिक , कृषि अधिकारी, फसल निरीक्षक, पशु चिकित्सा अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी

**प्राइवेट सेक्टर में अवसर** - कृषि से जुड़ी बड़ी कंपनियां, खाद-बीज कंपनियां, फार्मास्युटिकल कंपनियां और कृषि मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग करने वाली कंपनियां प्राइवेट सेक्टर में नौकरियां देती हैं. इनमें कृषि सलाहकार खेत प्रबंधक (मार्केटिंग ऑफिसर, बीज विशेषज्ञ कृषि उत्पाद विक्रेता डेटा एनालिस्ट (कृषि क्षेत्र के लिए) जैसे कई पोस्ट होते हैं.

**एग्रीकर्चल रिसर्च एंड डेवलपमेंट**- एग्रीकल्चर में नई टेक्नोलॉजी और फसलों पर रिसर्च करना आज के समय की डिमांड है. आप ढ्ढष्टक्र जैसे टॉप इंस्टीट्यूट्स में रिसर्चर बन सकते हैं. इसके अलावा राज्य एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज और एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर्स में भी रिसर्च के जॉब मौजूद होते हैं. यह फील्ड उन छात्रों के लिए सही है, जिन्हें लेबोरेट्री में काम करने और एग्रीकल्चर से जुड़े नई रिसर्च में दिलचस्पी हो.